Roll No. ........................... Total Printed Pages - 8

# F - 602

## M.A. (Third Semester)
## EXAMINATION, Dec. - Jan., 2021-22
## HINDI

**Paper Second**

**भाषा विज्ञान**

***Time : Three Hours]*** ***[Maximum Marks:80***

**खण्ड - अ**

**(वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय प्रश्न)**

**प्रत्येक 1 अंक**

**टीप** -सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सही उत्तर का चयन कीजिए।

1. हिन्दी शब्दानुशासन व्याकरण ग्रंथ के लेखक हैं।
   - (A) कामता प्रसाद गुरू
   - (B) बाबूराम सक्सेना
   - (C) किशोरी दास बाजपेयी
   - (D) भोलानाथ तिवारी





2. 'छत्तीसगढ़ी व्याकरण' पुस्तक के लेखक हैं-
   - (A) हीरालाल शुक्ल
   - (B) रायबहादुर हीरालाल
   - (C) हीरालाल काव्योपाध्याय
   - (D) रमेश चन्द्र महरोत्रा
3. अर्द्धमागधी से कौन बोली उत्पन्न नहीं हुई है?
   - (A) छत्तीसगढ़ी
   - (B) बुंदेली
   - (C) बघेली
   - (D) अवधी
4. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या है?
   - (A) ध्वनि
   - (B) शब्द
   - (C) पद
   - (D) वाक्य
5. हिन्दी किस भाषा परिवार की भाषा है?
   - (A) द्रविड़ भाषा परिवार
   - (B) मुंडा भाषा परिवार
   - (C) तिब्बत-चीनी परिवार
   - (D) आर्य भाषा परिवार

6. ओष्ठ ध्वनि है-

(A) क्

(B) च्

(C) त्

(D) प्

7. तत्सम शब्द नहीं है-

(A) कक्षा

(B) काठ

(C) पुण्य

(D) नक्षत्र

8. व्यंजन के उच्चारण में सहायक हैं-

(A) अनुनासिक

(B) अनुस्वार

(C) विसर्ग

(D) स्वर

9. जिन व्यंजनों के उच्चारण में खास शक्ति का कम प्रयोग होता है, उन्हें कहते हैं-

(A) अल्पप्राण

(B) महाप्राण

(C) कंठ

(D) प्रयत्न लाघव





10. 'विमल को दिल्ली जाना चाहिए।' किस प्रकार का वाक्य है?

(A) प्रश्नवाचक

(B) दिशावाचक

(C) विधिवाचक

(D) निषेधवाचक

11. अंतरर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है-

(A) 26 जनवरी

(B) 10 जनवरी

(C) 30 जनवरी

(D) 14 जनवरी

12. 'ध्वनि-नियम' को किस नाम से जाना जाता है?

(A) चॉम्स्की नियम

(B) ग्रिम-नियम

(C) विलियम जोंस नियम

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

13. योग को 'योगा' तथा गुप्त को 'गुप्ता' लिखना किस तरह का परिवर्तन है?

(A) ध्वनि विकार

(B) प्रयत्न लाघव

(C) स्वाभाविक विकास

(D) हिन्दी का प्रभाव

14. भाषाओं के वर्गीकरण में उद्‌दीच्य, प्रतीच्य, प्राच्य एवं दक्षिणात्य का प्रयोग किसने किया?

(A) ग्रियर्सन

(B) सुनीति कुमार चटर्जी

(C) उदयनारायण तिवारी

(D) धीरेन्द्र वर्मा

15. बिना किसी रूकावट के उच्चरित होने वाले वर्ण कहलाते हैं-

(A) घोष

(B) स्पर्श

(C) स्वर

(D) व्यंजन

16. स्पर्श संघर्षी व्यंजन हैं-

(A) 'क' वर्ग

(B) 'च' वर्ग

(C) 'प' वर्ग

(D) उपर्युक्त सभी

17. ''मनुष्य और मनुष्य के बीच ध्वनि संकेतों का जो व्यवहार होता है, उसे भाषा कहते हैं।'' यह परिभाषा है-

(A) श्यामसुंदर दास

(B) भोलानाथ तिवारी

(C) रमेशचंन्द्र महरोत्रा

(D) बाबूराम सक्सेना





18. कौरवी का प्रचलित नाम है-

(A) अवधी

(B) कुरूक्षेत्री

(C) हरियाणवी

(D) खड़ीबोली

19. शुद्ध शब्द का चयन कीजिए-

(A) जोत्सना

(B) ज्योत्स्ना

(C) ज्योत्सना

(D) ज्योतिस्ना

20. अर्थ-संकोच का उदाहरण है-

(A) कृष्ण

(B) पुंगव

(C) मुग्ध

(D) साहस

**खण्ड - ब**

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न**

**(प्रत्येक 2 अंक)**

**टीप :** किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर (दो या तीन पंक्तियों में) लिखिए।

1. वर्णनात्मक भाषाविज्ञान को परिभाषित कीजिए।

2. पंतजलि के व्याकरण ग्रंथ का नाम लिखिए।
3. सिद्धांत कौमुदी की रचना किसने की?
4. 'भाषा संयोगावस्था से वियोगावस्था की ओर जाती है।' उपर्युक्त कथन सत्य है या असत्य।
5. 'हिंदी भाषा का उद्भव और विकास' के लेखक का नाम लिखिए।
6. गोलित स्वरों के नाम लिखिए।
7. भाषा शब्द की उत्पत्ति किस शब्द से हुई है?
8. पालिभाषा में किस धर्म का विशिष्ट साहित्य मिलता है?
9. दो संयुक्त स्वरों के उदाहरण लिखिए।
10. अनेकार्थी शब्दों को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड - स

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**(प्रत्येक 3 अंक)**

**टीप :** किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर (लगभग 75 शब्दों में) दीजिए।

1. पाश्चात्य भाषावैज्ञानिकों के अनुसार भाषा की कोई दो परिभाषाएँ लिखिए।
2. भाषा अध्ययन की दिशाएँ कौन-कौन सी हैं?
3. ध्वनि विज्ञान (स्वन विज्ञान) की शाखाओं का वर्णन कीजिए।
4. हिंदी के स्वरों का वर्गीकरण कीजिए।
5. तुलनात्मक भाषाविज्ञान में किस तरह से अध्ययन किया जाता है? महत्व लिखिए।





6. स्वनिम के भेदों को सोदाहरण समझाइए।
7. शब्द और पद के अंतर को स्पष्ट कीजिए।
8. समानार्थी शब्दों को उदाहरण देकर समझाइए।
9. अर्थ की अवधारणा को विस्तार से समझाइए।
10. रचना के आधार पर वाक्य के प्रकारों को वर्गीकरण करते हुए उदाहरण दीजिए।

## खण्ड - द

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**(प्रत्येक 5 अंक)**

**टीप :** सभी प्रश्नों के उत्तर (लभगभ 150 शब्दों में) दीजिए।

1. भाषा की परिभाषाएँ लिखते हुए विशेषताओं को लिखिए।

**अथवा**

भाषाविज्ञान से स्वरूप एवं व्याप्ति पर प्रकाश डालिए।

2. वागअवयव का सचित्र सविस्तार वर्णन कीजिए।

**अथवा**

ध्वनि परिवर्तन के कारणों का विश्लेषण कीजिए।

3. अर्थ के आधार पर वाक्यों का वर्गीकरण करते हुए उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

रूपविज्ञान के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसकी शाखाओं का परिचय दीजिए।

4. शब्द और अर्थ के संबंध का वर्णन सविस्तार कीजिए।

**अथवा**

अर्थ परिवर्तन के कारणों का सोदाहरण वर्णन कीजिए।